भोपाल, सीहोर, इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

जनता की बुलंद आवाज

दैनिक सचएक्सप्रेस

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-17 || अंक- 28 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || गुरुवार 11 जून || 2026

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 मानदेय बढ़ाने की मांग

पेज 3 आदिवासी गांव में सांसद की बैलगाड़ी राइड

पेज 5 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया सत्याग्रह

पेज 6 मध्य प्रदेश की संस्कृति कलाकारों को है समर्पित

पेज 7 सलाहकारों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

सराफा बाजार का आज का भाव

11 जून 2026

डालर $ 95.67

GOLD LIVE - 147720

हालमार्क ज्वैलरी रेट

24 KT-150020 ब्रेड

23 KT-143800

22 KT-138100

20 KT-126100

18 KT-114100

14 KT-87700

Silver Live - 234430

चांदी हाजिर 999- 240000

MG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)

सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल

Condition Apply

बिहार में आंधी-बारिश, दिन में अंधेरा छाया

मानसून 7 दिनों से एक ही जगह रुका, यूपी में तूफान, 3 मौतें

नई दिल्ली || एजेंसी

मानसून ने केरलम में 4 जून को दस्तक दी थी। इसके बाद 6 जून तक यह पांच राज्यों में आगे बढ़ा। अब पिछले 7 दिनों से यह तमिलनाडु के चेन्नई, महाराष्ट्र के हरनाई और बंगाल के सिलीगुड़ी में रुका है।

हालांकि, अगले तीन दिनों में इसके तेजी से आगे बढ़ने का अनुमान है। जल्द ही मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्रप्रदेश के बाकी हिस्सों को पार कर लेगा। गुजरात को छोड़कर बाकी सभी राज्यों में प्री-मानसून का असर है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल में बारिश हुई। बिहार में पटना, बक्सर, सुपौल समेत 5 जिलों में आज सुबह-सुबह आंधी के साथ बारिश हुई, अंधेरा छाया। लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलना पड़ा। यूपी के चित्रकूट में 4.5 करोड़ रुपए के ऑडिटोरियम की छत उड़ गई। इटावा, सीतापुर और फिरोजाबाद में हादसों में 3 लोगों की मौत हुई। वहीं पंजाब के मानसा में तेज आंधी में लोहे का गेट गिरने से 9 साल के बच्चे की मौत हो गई। राजस्थान के कई इलाकों में आंधी चली। दिल्ली में खराब मौसम के चलते 2 फ्लाइट जयपुर डायवर्ट हुईं। आज 22 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। इनमें राजस्थान, एमपी, यूपी, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, तमिलनाडु, केरलम, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और गोवा शामिल हैं। वहीं गुजरात को छोड़कर अन्य सभी राज्यों में बारिश का यलो अलर्ट है।

मध्यप्रदेश में 34 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक से पहले ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। प्रदेश में सक्रिय दो मौसमीय प्रणालियों के कारण प्री-मानसून गतिविधियां लगातार तेज बनी हुई हैं। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं का दौर देखने को मिला, जबकि गुरुवार को भी ग्वालियर, जबलपुर समेत 34 जिलों में आंधी और बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 1 जून से लगातार कहीं न कहीं बारिश दर्ज की जा रही है। अगले कुछ दिनों तक यही स्थिति बनी रहने के आसार हैं और मानसून के सक्रिय होने तक प्री-मानसून सिस्टम प्रभावी रहेंगे।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साली की मौत लोगों ने किया रोड जाम

उन्नाव। बिहार-पुरवा मार्ग पर बिहार क्षेत्र के गांव पकरा खुर्द (भदिहा) के पास तेज रफ्तार डंपर ने आगे चल रहे वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश में सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार जीजा-साली की मौत हो गई।

बाइक में एक अन्य बच्ची के बैठे होने व डंपर के खींच ले जाने की चर्चा पर लोगों ने हंगामा कर सड़क जाम कर दिया। इस दौरान लगभग डेढ़ घंटे मार्ग जाम रहा। बाद में पता चला की बच्ची जीजा साली के साथ आई ही नहीं। वह घर में सुरक्षित है। इस पर आक्रोश शांत हुआ।

रायबरेली जनपद के गुरुबक्सगंज क्षेत्र के गांव दलितशाह खेड़ा निवासी 55 वर्षीय प्रेमशंकर अपनी 45 वर्षीय साली पुरवा निवासी बिटोला पत्नी रामकिशुन के साथ त्रिपुरारपुर गांव स्थित बैंक से रुपये निकालने जा रहे थे। बिहार-पुरवा मार्ग पर भदिहा गांव के पास आज सुबह लगभग 10.30 बजे सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रेमशंकर व उनकी साली बिटोला की मौत हो गई। इसी बीच किसी ने चर्चा फैला दी कि बाइक में एक बच्ची भी बैठी थी, जिसे डंपर अपने साथ खींच ले गया। इससे भड़के ग्रामीणों ने घटनास्थल पर ही जाम लगा दिया।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक

विकसित भारत@47 के रोडमैप पर चर्चा

नई दिल्ली || एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग जारी है। एक ऑफिशियल बयान के मुताबिक इस साल की थीम विकासशील भारत@2047 के लिए समावेशी मानव विकास है, जो हर भारतीय की भलाई और विकास पर फोकस करती है, चाहे उसकी उम्र, क्षेत्र, जेंडर या सामाजिक-आर्थिक बैकग्राउंड कुछ भी हो। बयान में कहा गया है कि गवर्निंग काउंसिल की मीटिंग में इस विजन को पूरा करने और इसे देश भर के हर नागरिक के लिए ठोस, मापने लायक नतीजों में बदलने के तरीके पर चर्चा की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इस मीटिंग में मुख्यमंत्रियों और लेफ्टिनेंट गवर्नरों को इंक्लूसिव ह्यूमन डेवलपमेंट फ्रेमवर्क पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया जाएगा। ये बुनियादी ह्यूमन कैपिटल और भविष्य के लिए तैयार स्किल्स, प्रोडक्टिव रोजगार, एंटरप्रेन्योरशिप और डीसेंट्रलाइज्ड ग्रोथ, हेल्थ, न्यूट्रिशन और वेलबीइंग, और सभी के लिए बराबरी और सम्मान के चार मुख्य पिलर पर आधारित है। मीटिंग में एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने, स्किलिंग बढ़ाने और देश भर में टिकाऊ रोजगार के मौके बनाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। चर्चा में मिलकर एक इम्प्लीमेंटेशन रोडमैप बनाने पर भी फोकस किया जाएगा, जिसमें गवर्नेंस, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, कन्वर्जेंस, पार्टनरशिप और डेटा-ड्रिवन सिस्टम जैसे मुख्य इनेबलर्स का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही शॉर्ट, मीडियम और लॉन्ग-टर्म नतीजों को ट्रैक करने के लिए एक स्ट्रक्चर्ड मैकेनिज्म भी होगा, जिससे अकाउंटेबिलिटी और मेजरेबल असर पक्का होगा। इसका एक मुख्य जोर राज्यों के विजन को नेशनल विजन ऑन इनक्लूसिव ह्यूमन डेवलपमेंट के साथ अलाइन करने पर होगा, जिससे इक्विटेबल और सस्टेनेबल ग्रोथ के लिए एक यूनिफाइड और कोलेबोरेटिव अप्रोच को मजबूत किया जा सके। नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक हुए चीफ सेक्रेटरीज के 5वें नेशनल कॉन्फ्रेंस की सिफारिशों पर भी फोकस करेगी। कॉन्फ्रेंस के दौरान पांच खास थीम पर सुझाव दिए गए, जिनमें शामिल हैं- बचपन की शिक्षा नींव रखना, स्कूलिंग, बिल्डिंग ब्लॉक्स स्किलिंग, भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स, हायर एजुकेशन, नॉलेज इकॉनमी और स्पोर्ट्स और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी, क्लासरूम से आगे। 11वीं गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के गवर्नर/एडमिनिस्ट्रेटर, केंद्रीय मंत्री (एक्स-ऑफिशियो मेंबर और स्पेशल इनवाइटी के तौर पर), और नीति आयोग के वाइस चेयरमैन, मेंबर और सीईओ शामिल हैं।

सच-संक्षेप

केरलम में इस साल निपाह वायरस का पहला केस

तिरुवनंतपुरम। केरलम में इस साल निपाह का पहला केस सामने आया है। कोझिकोड का 43 साल का शख्स निपाह वायरस से संक्रमित मिला है। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। मरीज कोझिकोड के फरोक इलाके का कारोबारी है। हल्का बुखार आने पर पहले उसे प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। बाद में कोझिकोड मेडिकल कॉलेज भेजा गया। उसकी हालत गंभीर है और वह वेंटिलेटर पर है। स्वास्थ्य मंत्री के. मुरलीधरन ने कहा, मरीज बड़ी संख्या में लोगों के संपर्क में आया था।

ममता बनर्जी के एक और राज्यसभा सांसद का इस्तीफा

नई दिल्ली। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में टूट जारी है। गुरुवार को एक और राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाईक ने इस्तीफा दे दिया है। पिछले चार दिनों में तीन राज्यसभा सांसद ममता को छोड़कर जा चुके हैं। एक दिन पहले सुष्मिता देव ने भी रिजाइन किया था। वहीं 8 जून को सुखेंदु रे भी पार्टी और सांसद की सदस्यता से इस्तीफा दे चुके हैं। अब तक टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 और राज्यसभा में 13 में से 3 सांसद यानी कुल 23 सांसद टूट चुके हैं।

हिमाचल में कसोल के जंगल में चल रही थी रेव पार्टी

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला में रेव पार्टी पर पुलिस ने हाई कोर्ट के संज्ञान के बाद एक्शन लिया है। मणिकर्ण घाटी में कसोल के जंगल में रेव पार्टी चल रही थी, इसमें नशीले पदार्थ बरामद किए गए। पार्टी में नशे का इस्तेमाल किया जा रहा था। पुलिस ने केरल व पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को रेव पार्टी की भनक लगी। आयोजकों ने पार्टी की अनुमति ली थी, लेकिन जब पुलिस ने जांच की तो एक युवक से 0.96 ग्राम कोकीन बरामद हुई।

दुबई से चल रहे अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश

अमृतसर। नशा तस्करी के खिलाफ जारी अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से 30.045 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई है। जांच के दौरान सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे एक कथित तस्कर के संपर्क में थे, जो दुबई से पूरे नेटवर्क को संचालित कर रहा था। पुलिस के अनुसार, यह नेटवर्क सीमा पार से आने वाली हेरोइन की खेप को पंजाब तक पहुंचाने और फिर विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई करने का काम करता था।

बैतूल में सेप्टिक टैंक ने ली दो सगे भाइयों की जान

बैतूल। मध्य प्रदेश के बैतूल में सेप्टिक टैंक की जहरीली गैस से दो सगे भाईयों की मौत हो गई है। बुधवार शाम मुलताई के भगत सिंह वार्ड में ओमप्रकाश मंडल के घर पर निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में काम चल रहा था। यहां जमा जहरीली गैस या ऑक्सीजन की कमी से दो भाईयों ने दम तोड़ दिया। वहीं, उन्हें बचाने उतरे कुछ मजदूरों की भी हालत बिगड़ी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक संजय पंवार सेप्टिक टैंक में किसी काम से नीचे उतरा था। लेकिन जब वह बाहर नहीं आया तो उसका सगा भाई भी नीचे उतरा और दोनों की मौत हो गई। घटनास्थल के पास मौजूद अन्य मजदूरों ने बताया कि टैंक के अंदर मौजूद जहरीली गैस के कारण संजय बेहोश हो गया था, जिसे देखने उसका सगा भाई विजय पंवार भी नीचे उतरा। लेकिन वह भी जब काफी देर तक बाहर नहीं निकला तो तीसरा मजदूर मुकेश परिहार उन्हें बचाने के लिए टैंक में उतरा। वहां, उतरते ही उसे भी घबराहट होने लगी और उसने दोनों भाइयों को अचेत अवस्था में पाया और तुरंत बाहर निकल आया।

नटराजन मामला || आज नामवापसी की आखिरी तारीख

सुप्रीम कोर्ट कल करेगा सुनवाई

सच प्रतिनिधि || भोपाल

सुप्रीम कोर्ट कल कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने अपने राज्यसभा नामांकन पत्रों को खारिज किए जाने को चुनौती दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति पीके मिश्रा और न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए इसे अत्यंत तत्काल सुनवाई योग्य मामला बताया और शीघ्र सुनवाई या अंतरिम आदेश की मांग की। अदालत ने उनकी दलीलों पर संज्ञान लेते हुए मामले को कल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। सिंघवी ने दलील दी कि रिटर्निंग ऑफिसर ने यह कहते हुए नामांकन खारिज किया कि नटराजन ने लंबित आपराधिक मामले की जानकारी नहीं दी, जबकि वास्तव में केवल समन जारी हुआ था और मामले में अभी तक संज्ञान भी नहीं लिया गया था।

याचिका पर कल सुनवाई

वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने मीनाक्षी नटराजन की ओर से पेश होते हुए आरोप लगाया कि उनका नामांकन गलत कानूनी आधार पर संक्षेप में खारिज किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई, लेकिन साथ ही कहा कि वास्तविक कानूनी उपाय चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव याचिका (इलेक्शन पिटीशन) दायर करना है। पूरे मामले पर मीनाक्षी नटराजन का भी बयान सामने आया था। चुनाव आयोग के दफ्तर से बाहर आकर मीडिया से उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने हमारी बात सुनी है और सिंघवी जी ने पूरे मामले को विस्तार से उनके समक्ष रखा है। हमें संवैधानिक संस्थाओं पर पूरा भरोसा है। हम अपनी लड़ाई आगे भी जारी रखेंगे।

मणिपुर में 6 नागा बंधकों के शव मिले, तनाव चरम पर

इंफाल। मणिपुर में एक बार फिर हिंसा और तनाव की आग भड़क उठी है। लंबे समय से लापता छह नागा नागरिकों के शव बरामद होने के बाद पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शनों की लहर फैल गई है और माहौल बेहद संवेदनशील हो गया है। मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ और असम राइफल्स के करीब 450 जवानों ने स्निफर डॉग्स और फोरेंसिक विशेषज्ञ दलों की मदद से लगभग 24 घंटे तक चले गहन सर्च ऑपरेशन के बाद बुधवार दोपहर छह लोगों के शव बरामद किए। यह पूरा विवाद 13 मई 2026 को उस समय शुरू हुआ जब कांगपोकपी और सेनापति जिलों में कुकी और नागा समुदायों के सशस्त्र गुटों ने 48 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया इस घटना की पृष्ठभूमि में कांगपोकपी में तीन चर्च नेताओं की घात लगाकर हत्या की गई थी, जो नागालैंड में कुकी और नागा समुदायों के बीच शांति वार्ता से लौट रहे थे। मंगलवार 9 जून को नागा संगठनों ने मानवीय आधार पर 14 कुकी बंधकों को रिहा कर दिया।

शिनास बंदरगाह के पास वेसल को बनाया निशाना

ओमान में एक और शिप पर हमला

नई दिल्ली। ओमान तट के पास बुधवार को हुए हमले के 24 घंटे बीतने तक एक और हमला रिपोर्ट किया गया है. ये हमला ओमान के शिनास बंदरगाह के पास एक जहाज पर हुआ है. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं. अधिकारियों की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें आज शिनास बंदरगाह के पास एक पोत से संबंधित घटना की सूचना मिली है. मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है. बयान के अनुसार, घटना के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाने के लिए स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया जा रहा है। घटना के कारणों और संभावित प्रभावों को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

होर्मुज में अमेरिकी हमले में 3 भारतीयों की मौत

होर्मुज स्ट्रेट के पास बुधवार को तेल टैंकर 'एमटी सेत्तेबेल्लो' पर हुए अमेरिकी हमले में 3 भारतीयों की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनेवाल ने की। उन्होंने कहा कि अब तक दो के शव बरामद कर लिए गए हैं। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने बताया था कि जहाज पर सवार 24 भारतीयों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि 3 भारतीय लापता थे।

प्राइवेट स्कूल से 1.77 करोड़ कैश और कंडोम के पैकेट बरामद हुए

कांचड़ापाड़ा। कोलकाता के सुरेंद्रनाथ कॉलेज के बाद अब कांचड़ापाड़ा का एक इंग्लिश मीडियम स्कूल भी जांच के दायरे में आ गया है। स्कूल कैंपस के अंदर एक अच्छी तरह से सजा हुआ बेड मिला, साथ ही कंडोम के पैकेट और 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिला। प्राइवेट इंग्लिश मीडियम स्कूल की जांच कर रही पुलिस को 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश मिला। स्कूल के अंदर एक अच्छी तरह से सजा हुआ बेड और अलमारी के साथ कंडोम के पैकेट मिले। कैश गिनने वाली मशीनें बुधवार रात से आज सुबह 6 बजे तक चली ताकि रकम का हिसाब लगाया जा सके। पुलिस ने बाद में कन्फर्म किया कि कुल बरामद रकम 1.77 करोड़ रुपये थी। स्कूल के अकाउंट्स डिपार्टमेंट के तीन कर्मचारियों को हिरासत में लिया गया है।

गैंगस्टर हरि बॉक्स ने ली जिम्मेदारी

हरियाणा में जिम ट्रेनर की हत्या

हिसार। हरियाणा के हांसी में रेड जिम के संचालक कपिल रेहू की आज सुबह गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में अब एक नया और चौंकाने वाला मोड़ आ गया है। वारदात के कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर एक कथित फेसबुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें लॉरेंस बिश्नोई और जितेंद्र गोगी गैंग से जुड़े गैंगस्टरों ने इस हत्या की पूरी जिम्मेदारी ली है। हरी बॉक्सर सुंदर हांसी नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर की गई एक पोस्ट के जरिए इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े बदमाशों ने ली है। वायरल पोस्ट में दावा किया गया कि कपिल रेहू की हत्या हरी बॉक्सर, आरडी धालीवाल, हरमान सिंधू और विक्रम क्रीडान ने मिलकर करवाई है।

खोज || व्हेलों के कई शव गहरे समुद्र के जीवों के लिए आवास बन गए

हिंद महासागर में दुनिया का सबसे गहरा व्हेल कब्रिस्तान खोजा गया

नई दिल्ली || एजेंसी

वैज्ञानिकों ने दक्षिणपूर्वी हिंद महासागर में अब तक का सबसे गहरा, सबसे पुराना और सबसे विशाल व्हेल कब्रिस्तान खोजा है। वहां मिले कुछ जीवाश्म 50 लाख साल से भी अधिक पुराने हैं, जो पहले अज्ञात गहरे समुद्र के पारिस्थितिक तंत्रों को उजागर करते हैं। व्हेल के शव जब समुद्र तल में डूब जाते हैं, तब व्हेल के कब्रिस्तान बन जाते हैं। गहरे समुद्र में, ये कंकाल कई जीवों के लिए पोषक तत्वों का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन जाते हैं। नेचर पत्रिका में प्रकाशित

शोध के अनुसार, हाल ही में खोजा गया यह क्षेत्र दक्षिणपूर्वी हिंद महासागर में समुद्र तल पर स्थित खाइयों और लकीरों वाले क्षेत्र, डायमंटिना फॉल्ट ज़ोन में स्थित है।

चीन, इटली और न्यूजीलैंड की एक शोध टीम ने पनडुब्बियों का उपयोग करके क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। समुद्र तल तक 32 बार गोता लगाकर उन्होंने व्हेल के जीवाश्मों वाले 485 स्थल और सड़ने की उन्नत अवस्था में 5 आधुनिक व्हेल के शव खोजे। ये खोजें डायमंटिना फॉल्ट ज़ोन के सबसे गहरे बिंदु के निकट, लगभग 7 किलोमीटर की गहराई पर स्थित थीं। शोध दल के अनुसार, ये स्थल उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व दिशा में लगभग 1,200 किलोमीटर तक फैले हुए हैं, जो संभवतः समुद्र तल पर व्हेल के शवों का एक पूर्व अज्ञात पारिस्थितिक गलियारा बनाते हैं। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि पहले खोजे गए अधिकांश व्हेल के शव 4 किलोमीटर से कम गहराई पर पाए गए थे।

कारकों ने लाखों साल तक कंकाल सुरक्षित रखने में मदद की

इन जीवाश्मों से प्राचीन व्हेल के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है, जिसमें लगभग 53 लाख साल पुरानी चोंच वाली व्हेल प्रजाति की जीवाश्म खोपड़ी और एक नई प्रजाति शामिल है जिसे शोध दल ने प्टेरोसेटस डायमंटिया नाम दिया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कई कारकों ने लाखों वर्षों तक कंकालों को संरक्षित रखने में मदद की होगी, जिनमें अत्यधिक गहराई, कम तलछट स्तर और हड्डियों को ढकने वाली खनिजों की पतली परत शामिल हैं। हालांकि, इस क्षेत्र में इतनी बड़ी संख्या में व्हेल क्यों एकत्रित होती हैं, इसका कारण अभी भी स्पष्ट नहीं है। एक परिकल्पना यह बताती है कि यह कुछ व्हेल प्रजातियों के लिए प्रवास मार्ग हो सकता है, साथ ही एक ऐसा स्थान भी हो सकता है जहां शिकारी व्हेल भोजन की तलाश में गहराई में गोता लगाती हैं।

खड़ी चट्टानों पर डायनासोर के अद्भुत पदचिह्न मिले

डायनासोर के पदचिह्न, जिनमें से कुछ 40 सेंटीमीटर तक चौड़े हैं और जिन पर पंजों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं, बोरमियो शहर के पास स्थित एक पहाड़ी क्षेत्र, वैले डि फेले हिमनदी घाटी में लगभग 5 किलोमीटर तक फैले हुए हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस खोज से यह समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी कि जीवन कठोर वातावरण में कैसे अनुकूलन करता है, जहां प्रकाश नहीं होता, अत्यधिक दबाव होता है और ऑक्सीजन का स्तर कम होता है।

घरेलू कलह के चलते पति ने पत्नी को बेरहमी से पीटा, अस्पताल में मौत

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली के उत्तर-पूर्वी जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां सीलमपुर इलाके में एक शख्स ने घरेलू विवाद के चलते अपनी 35 वर्षीय पत्नी की कथित तौर पर बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिए कई टीमें तैनात कर दी हैं। पुलिस के मुताबिक घटना का पता सुबह तब चला जब उन्हें सूचना मिली कि गौतमपुरी इलाके में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर घर पर अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और मौके से भाग गया।

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक

सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता

सभी प्रकार के झण्डे, बैच, बैनर, कैप, स्टीकर, पोस्टर, ग्लोसाईन बोर्ड, होर्डिंग्स, फ्लेक्स एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें

SHEELA AD MAKERS शीला एड-मेकर्स

E-mail:sheelaadmakers@gmail.com

139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)

Tel./Fax: 0755-4012177,

Mob.:9301020777, 8889120777

GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal

Tel. 0755-4277938

www.sheelaadmakers.in